बरेली, बुधवार
16 अप्रैल, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण



# जीआरएम ने सेंट फ्रांसिस को और मुकुंद ने जीके मांटेसरी को हराया

- मुकुंद के 127 रन के जवाब में जीके मांटेसरी की टीम 75 रन पर पवेलियन लौटी
- सेंट फ्रांसिस के दिए 88 रन के लक्ष्य को जीआरएम ने दो विकेट रहते हासिल किया

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को मुकुंद इंटरनेशनल स्कूल और जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अपने-अपने मैच में जीत हासिल की। मुकुंद इंटरनेशनल ने जीके मांटेसरी स्कूल को 52 रन से पराजित किया तो जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने सेंट फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल को दो विकेट से हराया। मुकुंद इंटरनेशनल के आलराउंडर खिलाड़ी अबू जफर और जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मृदुल रावत को मैन आफ द मैच चुना गया।



जीआरएम के मृदुल रावत को मैन आफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि • सौ. आयोजक

मंगलवार को सभी नाक आउट मैच होने के बाद अब 16 व 17 अप्रैल को टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मैच खेले जाएंगे। 16 को पहला और दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच क्रमशः मैच मिशन एकेडमी और बासुवाल की टीमों के बीच एवं सेक्रेड हार्ट्स और विद्या वर्ल्ड की टीमों के बीच होगा। जबकि तीसरा और चौथा क्वार्टर फाइनल मैच 17 अप्रैल को खेला जाएगा। जो क्रमशः एसआर इंटरनेशनल और जीआरएम स्कूल के बीच एवं नेशनल पब्लिक स्कूल और मुकुंद इंटरनेशनल के बीच होगा। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच 18 और फाइनल मैच 19 अप्रैल को खेला जाएगा।

### आज से शुरू होगा क्वार्टर फाइनल

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को टूर्नामेंट का पहला क्वार्टर फाइनल मैच सुबह आठ बजे से मिशन एकेडमी और बासुवाल की टीम के बीच होगा। दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच दोपहर बारह बजे से सेक्रेड हार्ट्स और विद्या वर्ल्ड के बीच खेला जाएगा।



पहले मैच में मांटेसरी स्कूल के कप्तान यश शर्मा ने टास जीता और मुकुंद इंटरनेशनल को बल्लेबाजी का न्योता दिया। मुकुंद की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 127 रन बनाए। इसमें अबू जफर खान के 21 रन, लोकेश के 16 रन, वसीम खान के 15 रन, रोहित राजपूत के 13 रन और रोहित साहू के 15 रन शामिल रहे। 127 रन का पीछा करने उतरी जीके सिटी मांटेसरी की पूरी टीम 14 ओवर में 75 रन पर ही ढेर हो गई। मुकुंद इंटरनेशनल ने 52 रन से मैच जीत लिया। जीके मांटेसरी के तीन खिलाड़ियों को आउट करने के साथ 21 रन बनाने वाले मुकुंद इंटरनेशनल के हरफनमौला खिलाड़ी अबू जफर को मैन आफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच में सेंट फ्रांसिस कांवेंट के कप्तान अमृत ने टास जीत कर कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पूरी टीम 12.2 ओवर में 88 रन पर सिमट गई। शौर्य गुप्ता ने 34 रन और आरव सिंह ने सर्वाधिक 16 रन का योगदान दिया। चार बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल पाए। गेंदबाज मृदुल रावत और दीपक अरोरा ने तीन-तीन विकेट हासिल किए।

शिव आनंद ने भी दो विकेट प्राप्त किया। जीत के लिए 88 रन का पीछा करने उतरी जीआरएम की टीम ने 16वें ओवर में जीत दर्ज कर ली। अक्षत सक्सेना ने 13 रन, मृदुल रावत ने 12 रन, यशवर्धन ने 18 रन और शिव आनंद ने 13 रन बनाए। तीन विकेट लेने के साथ 12 रन बनाने वाले मृदुल रावत मैन आफ द मैच चुने गए।